# एवरशाइन
# बाल गीत
## 2



एवरशाइन ESP पब्लिशर्ज़
WZ - 348, Nangal Raya, New Delhi - 1100 46
Phone : 28111758, 28113958, Fax : 28112353

# इन्द्र धनुष

इन्द्र धनुष देखो वह आया
सारे आसमान पर छाया।।
सात रंग इसमें हैं भाते।
नया निराला दृश्य दिखाते।।
ठण्डी-ठण्डी पड़े फुहार।
फूलों की है नई बहार।।



# सपना

मैंने देखा सपना एक
फूल-पत्तियाँ बनी टाफ़ियाँ,
सारा पेड़ बना है केक।
यह सब माल मिलेगा उसको,
जो बच्चा हो सबसे नेक।



# प्यासा कौआ

एक कौआ प्यासा था,
घड़े में पानी थोड़ा था।
कौआ लाया कंकड़,
पानी आया ऊपर।
कौए ने पिया पानी,
खत्म हुई कहानी।

